दावों के तौर-तरीकों के साथ-साथ बड़े जोखिम नीतियों के बारे में अपने कर्मचारियों और अधिकारियों को शिक्षित करने के लिए उनके कार्य स्थलों पर बड़े कॉर्पोरेट्स के लिए सेमिनार आयोजित किए जाते हैं । मुनाफे के साथ जोखिम को रेखांकित करने की कॉर्पोरेट रणनीति पर ध्यान केंद्रित करने के मद्देनजर, ग्राहकों को जोखिम प्रबंधन प्रथाओं, हानि को कम करने वाली गतिविधियों के बारे में शिक्षित किया जाता है। कुछ जोखिमों के लिए जोखिम निरीक्षण अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जोखिम इंजीनियरों द्वारा आयोजित किए जाते हैं ।

कंपनी इस सेगमेंट में चुनौतियों का सामना करने के लिए पूर्ण रुप से तैयार है और इसका उद्देश्य आने वाले वर्षों में भी नेतृत्व को बनाए रखना है।

❖ अग्नि एंड अभियांत्रिकी

कंपनी ने संपत्ति बीमा खंड में अपना शीर्ष प्रदर्शन बरकरार रखा । अर्थव्यवस्था की वृद्धि से अधिक बढ़त के साथ-साथ अग्नि प्रीमियम 2225 करोड़ से बढ़कर 3063 करोड़ रुपये और अभियांत्रिकी 516 करोड़ से बढ़कर 558 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने साधारण बीमा बाज़ार के इस सेगमेंट में अपनी नेतृत्व स्थिति बरकरार रखी । जबकि अग्नि प्रीमियम दरों में वृद्धि होने से इस क्षेत्र के व्यवसाय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जबकि इंजीनियरिंग प्रीमियम में अर्थव्यवस्था की दर से ही वृद्धि हुई है ।

बीमा लेखन और दावा प्रबन्धन में सुधार के लिए हमारा लगातार प्रयास रहा है। वर्ष के दौरान कंपनी ने बीमा लेखन में सुधार के एक हिस्से के रूप में उच्च दावा पालिसियों के नवीकरण हेतु सख्त उपायों और बढ़ी हुई दर निर्धारण को अपनाया । कंपनी ने क्षेत्रीय कार्यालयों में नियंत्रित तरीके से पॉलिसी के दावा लेखन को भी विकेंद्रीकृत किया जिससे ग्राहक सेवा और दक्षता में सुधार हुआ । कंपनी ने विभिन्न कार्यालयों में तकनीकी टीमों के शिक्षण हेतु बीमा लेखन व दावा प्रबंधन पर कार्यशालाएं आयोजित की। इसके अलावा, कंपनी तकनीकी टीमों के साथ बेहतर समन्वय के लिए नियमित रूप से वीडियो सम्मेलन आयोजित करती है।

कंपनी के आईसीआर ने अग्नि पोर्टफोलियो में सुधार किया लेकिन मुख्य रूप से प्रकृति के प्रकोप से उत्पन्न दावों के कारण अभियांत्रिकी पोर्टफोलियो में पिछड़ गयी । कुल मिलाकर इससे व्यापार का प्रदर्शन बाधित नहीं हुआ । संसाधनों के बेहतर उपयोग और त्वरित दावों के निपटान पर जोर देकर दृढ़ दावा नियंत्रण प्राप्त किया गया था। इसके परिणामस्वरूप दावों की लागत में कमी आई और लाभप्रदता में वृद्धि हुई ।

हम बेहतर बीमा लेखन और दावा प्रबंधन की दिशा में अपने सक्रिय दृष्टिकोण, तकनीकी क्षमता और नई प्रयोगात्मक तकनीकों का उपयोग करके आने वाले वर्षों में अपने नेतृत्व को बनाए रखने की उम्मीद रखते हैं।

❖ स्वास्थ्य बीमा

हमारी कंपनी ने वर्ष 19-20 के दौरान पिछले वर्ष के 8254 करोड़ रुपए के प्रीमियम में 14% वृद्धि के साथ 9394 करोड़ रुपये का प्रीमियम अर्जित किया है।

1. हम स्वास्थ्य विभाग में हानि अनुपात को नियंत्रित करने के लिए लगातार हानि कम करने के उपाय कर रहे हैं और इसके परिणामस्वरूप समूह मेडिक्लेम में आईसीआर में 2% की कमी आई है ।

2. खुदरा स्वास्थ्य के व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए, वर्ष के दौरान बहुत सारी ग्राहक केंद्रित गतिविधियां आयोजित की गईं ।

हमने नवीकरण सूचनाओं में बीमित राशि को बढ़ाने के लिए ऐड ऑन कवर और विकल्पों को भी शामिल किया है जिससे ग्राहकों को पर्याप्त स्वास्थ्य बीमा के लिए प्रोत्साहित किया जा सके । न्यू इंडिया मेडिक्लेम मे पहले दावा रहित नवीकरण में 25% और दूसरे दावा रहित वर्ष में 50 फीसदी का संचयी बोनस पेश किया गया है। वर्ष 2013 में वापस ली गई इस सुविधा को हमारे सभी खुदरा ग्राहकों को बनाए रखने के लिए बहाल किया गया है । हमने न्यू इंडिया फ्लोटर पॉलिसी में आनुपातिक छूट खंड, मातृत्व लाभ और मोतियाबिंद लाभ जैसे आवरण भी बीमित जनता की मांगों को पूरा करने के लिए शुरू किए हैं । हमने एक विशेष उत्पाद न्यू इंडिया कैंसर गार्ड पॉलिसी का शुभारंभ किया है । इस उत्पाद को बाजार में अच्छा रिस्पांस मिला है ।

आईआरडीए ने अपने परिपत्र दिनांक 1/1/2020 के तहत सभी सामान्य बीमाकर्ताओं को 1/4/2020 या उससे पहले आरोग्य संजीवनी मानक स्वास्थ्य बीमा उत्पाद को अनिवार्यतः पेश करने हेतु ज़ोर दिया है।

जैसा कि आईआरडीए के तरफ से अनिवार्य है, हमने 30/3/2020 को आरोग्य संजीवनी न्यू इंडिया एश्योरन्स पॉलिसी लांच किया और इसके लिए अनुमोदन भी मिल गया है । यह उत्पाद, विपणन हेतु कोर और सभी डिजिटल प्लेटफार्मों में उपलब्ध होगा और पीओएस, वेब एग्रीगेटर, सीपीएससी सहित सभी वितरण चैनलों द्वारा इसे बढ़ाया जाएगा.

हमारे इनहाउस डॉक्टर भी उत्पाद विकास, दावा अधिनिर्णय, लेखा परीक्षा और धोखाधड़ी नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं । इससे हमें न केवल आईसीआर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है बल्कि चिकित्सकीय विवादों में विशेषज्ञ निर्देश भी लिया जाता है एवं उत्पादों में नूतन विचारों का समावेश किया जाता है । आकस्मिक जांच के लिए अस्पतालों/टीपीए का लगातार ऑडिट और दौरा किया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप आईसीआर नियंत्रित हुआ है।

2019-20 के दौरान, हमने 17,09,366 स्वास्थ्य पॉलिसी जारी कीं, 97% के दावा निपटान अनुपात के साथ निपटाए गए दावों की संख्या 46,02,958 थी। 97% का दावा निपटान अनुपात न केवल कंपनी की ठोस वित्तीय स्थिति को दर्शाता है बल्कि इसकी विश्वसनीयता को भी दर्शाता है।

स्वास्थ्य बीमा विभाग की नेटवर्किंग शाखा के एक भाग के रूप में, हम यह उल्लेख करना चाहेंगे कि हमारी कंपनी के विकास के लिए निम्नलिखित कार्य किए गए हैं:

पीपीएन (प्रेफर्ड प्रोवाइडर नेटवर्क): यह अन्य 3 पीएसयू और 26 टीपीए के सहयोग से हमारे ग्राहकों को कैशलेस सुविधा प्रदान करने के लिए अस्पताल और टीपीए व्यवस्था का एक नेटवर्क है। यह नेटवर्क हमारे देश के 12 प्रमुख शहरों में उपलब्ध है।

न्यू इंडिया के नेटवर्क अस्पताल : हमारे विभाग ने हमारे पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए इन शहरों के अलावा अन्य शहरों में भी इस सुविधा का विस्तार करने की पहल की जहां पीपीएन उपलब्ध है। यह न्यू इंडिया, टीपीए और अस्पतालों के बीच सीधा करार है। अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इसमें पक्षकार नहीं हैं।

इस तरह के प्रत्यक्ष करार के तहत अस्पतालों की कुल संख्या 369 है।

is being addressed by the department by devising need based Insurance solutions with the expertise available in the department. Also, with the support of National and International Reinsurers, company has been able to design few Unique covers to fulfil the actual requirement of Corporate clients.

Seminars are organized for Large corporates at their work places to educate their employees and executives about the Large risk policies along with the claims modalities. In view of focus on the corporate strategy of Underwriting the risk with profitability, clients are educated about the Risk management practices, loss minimizing activities. Risks inspections for a few risks are conducted by International repute risk engineers.

The Company is equipped to face the challenges in this segment and aims to maintain the leadership in coming years as well.

❖ FIRE AND ENGINEERING

The company continued its top-notch performance in the Property insurance segment. Moving higher than the growth in economy, the Fire premium rose from ₹ 2225 Cr to ₹ 3063 Cr and Engineering from ₹ 516 Cr to ₹ 558 Cr. The company continued its leadership position in this segment of the general insurance market. While the Fire premium grew at the record rate riding on the back of increased Fire premium rates across sectors, the Engineering premium increased at the rate of economy.

It is our constant endeavour to improve underwriting and claims management. During the year the company adopted stricter measures and enhanced rating for high claim policy renewals as a part of improvement in underwriting. The company also decentralized policy underwriting in a controlled manner at regional offices which improved the customer servicing and efficiency. The company conducted workshops on underwriting and claims management for the education of the technical teams in various offices. Apart from this, the company regularly conducted video conferences for better coordination with the technical teams.

The ICR of the company improved in Fire portfolio but took beating under the Engineering portfolio predominantly due to catastrophic events. Overall it didn't hamper the business performance. Tight claims control was achieved by optimum utilization of the resources and thrust on quicker claims settlement. This resulted in reducing the cost of claims and increased profitability.

We aspire to maintain our leadership in the years to come by utilizing our proactive approach, technical competence & innovative techniques towards better underwriting & claims management.

❖ HEALTH INSURANCE

The Company has completed premium of ₹ 9394 crores during the year FY 2019-20 as against the premium of ₹ 8254 crores with an accretion of 14%.

Major highlights in FY 2019-20 are :

1) Loss minimization measures to contain Incurred Loss Ratio in health and this has resulted in reduction of ICR in group mediclaim by 2%.

2) To boost the growth of retail health, lot of customer centric activities were carried out during the year.

Add on covers and option for enhancement of sum insured in the renewal notices incorporated thereby encouraging customers to have adequate health insurance.Cumulative bonus of 25% in the first claim free renewal and 50% in the second claim free year has been introduced in New India Mediclaim. This feature which was withdrawn in the year 2013 has been reinstated to promote retention of all our retail customers. We have also introduced various Add on covers viz Proportionate waiver clause, maternity benefit and Cataract benefit in New India Floater policy to meet the demands of insuring public. We have launched a specialized product viz New India Cancer Guard Policy. This product has received good response in the market.

As mandated by IRDAI, we have launched Arogya Sanjeevani New India Assurance on 30/3/2020 and got approval for the same. This product will be available on all digital platforms and all distribution channels including POS, web aggregators, CPSC will be utilized to promote the marketing of this product.

Our inhouse doctors too contribute significantly in product development, claim adjudication and audit and fraud control. This helps us to not only contain the ICR but also bring in professional adjudication of medical disputes and build in novel ideas into the products. Constant audit and visit to the hospitals/TPAs for surprise check is being carried out which has resulted in containing the ICR.

During FY 2019-20, we issued 17,09,366 number of health policies, number of claims settled were 46,02,958 with claims disposal ratio of 97%. Claims disposal ratio of 97% not only reflects the sound financial standing of the Company but also its operational efficiency.

As a part of the networking branch of the Health Insurance Department, we would like to mention that the following operations have been undertaken for the growth of our Company:

PPN (Preferred Provider Network): It is a network of hospital and TPA arrangement for providing cashless facility to our clientele in collaboration with the other 3 PSUs and 26 TPAs. This network is available in the 12 major cities of our country.

New India Network of hospitals: The Company had taken the lead to extend this facility in cities other than the cities where PPN is available; to facilitate our policyholders. This is direct agreement between New India, TPAs and the hospitals. The other PSUs are not a party to it.

Total number of hospitals under such direct agreement is 369.

हेल्प डेस्क सुविधा: स्वास्थ्य विभाग ने बड़े अस्पतालों में हेल्प डेस्क के रूप में हमारे ग्राहकों के लिए नई पहल की है । इस सुविधा का प्रबंधन संबंधित क्षेत्र के अग्रणी टीपीए की मदद से किया जाता है।

उत्पाद ज्ञान अद्यतन करने के साथ स्वास्थ्य विभाग की बेहतर सेवा और विकास को सक्षम करने के लिए विपणन बल, एजेंटों और एपेप प्रबंधकों के लिए नियमित प्रशिक्षण सत्र और कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।

इस वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही, विशेष रूप से मार्च में कोविड-19 की समस्या जो हमारी विपणन गतिविधियों हेतु एक महत्वपूर्ण बाधा के रूप मे उभर कर आई है । हमारे हजारों ग्राहक लॉक डाउन स्थिति के कारण अपने नवीनीकरण प्रीमियम को प्रेषित नहीं कर सके। प्रीमियम प्रेषण को सक्षम करने के लिए एसएमएस अलर्ट, मोबाइल पर भुगतान लिंक जैसे कई ग्राहक केंद्रित उपाय किए गए थे, जो पूर्वव्यापी प्रभाव से आवरण देते हैं।

❖ कंपनी मरीन कार्गो और हल

कंपनी मरीन कार्गो और मरीन हल में भारतीय बाजार की मरीन लाइन की सबसे अधिक भागीदारी के साथ-साथ मरीन हल में भी अपना नेतृत्व बनाए हुए है । मरीन हल में कंपनी का बाजार भागीदारी लगभग 35.10 और मरीन कार्गो बीमा में 16.40% है । कंपनी ने पिछले वर्ष के 394 करोड़ रुपए की तुलना में 437 करोड़ रुपए मरीन कार्गो घरेलू प्रीमियम अर्जित किया। वित्तीय वर्ष 2019-20 में मरीन कार्गो पोर्टफोलियो सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम का 54.50% आईसीआर के साथ लाभदायक रहा है। मरीन हल और मरीन कार्गो में अग्रणी के रूप में, कंपनी अपने ग्राहकों को सबसे अच्छी व्यापार सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है । मरीन ग्राहक/ मध्यस्थ पोर्टलों के माध्यम से प्रमाण पत्र/पालिसियां जारी करने और तेजी से दावों से निपटान के लिए भी प्रभावी ऑनलाइन समुद्री समाधानों के लिए पहल की जा रही है । प्रभावी दावों के प्रबंधन एवं जोखिम प्रबंधन के साथ-साथ, सतर्क बीमा लेखन और सशक्त पुनर्वसूली प्रयासों ने इन विभागों की लाभप्रदता को बढ़ाने में योगदान दिया है । आगामी वर्ष में कंपनी का ध्यान दावों का त्वरित निपटान, ग्राहकों के बीच सेवा संतुष्टि बढ़ाने, आईटी बुनियादी ढांचे और नवाचार का प्रयोग करके मरीन लाइन के व्यवसाय में वृद्धि; और लाभ के साथ संतुलित और स्वस्थ पोर्टफोलियो बनाए रखने पर होगा ।

समुद्री पोतकाय विभाग में पोतकाय और मशीनरी बीमा, पोर्ट पैकेज बीमा, तेल और ऊर्जा बीमा तथा अपतटीय निर्माण बीमा होता है। इन सभी खंडों में हम बाजार में अग्रणी हैं । हम पहली बीमा कंपनी हैं जो संरक्षण और क्षतिपूर्ति (प्रोटेक्सन एंड इंडेमनिटी) आवरण के साथ आ रहे हैं । हालांकि हम अभी भी इस दिशा में प्रारंभिक चरण में हैं, हमारे प्रयास यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत में अंततः पी एंड आई क्लब हो ।

हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने वर्ष 2019 के प्रतिष्ठित समुद्र मंथन पुरस्कार जीते हैं ।

न केवल हम भारत में पूर्व प्रमुख बीमाकर्ता हैं बल्कि विश्व पुनर्बीमा बाजार में भी प्रमुख स्थान रखते हैं । पुनर्बीमाकर्ताओं के रूप में हम दुनिया भर में प्रमुख ऊर्ध्वमुखी ऊर्जा (अपस्ट्रीम एनर्जी) और अपतटीय निर्माण परियोजनाओं को समर्थन देते हैं-हमारा विशिष्ट ध्यान मध्य-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, एशिया-प्रशांत और अफ्रीका के साथ है। हम इन कठिन दौर में भी एक बहुत ही स्वस्थ और लाभदायक विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं।

❖ विमानन

न्यू इंडिया विमान निर्माताओं, अनुसंधान एवं विकास संगठनों तथा विभिन्न अन्य सामान्य विमानन व्यवसायियों का पसंदीदा बीमाकर्ता है।

सरकार द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय संपर्क योजना के आगमन के साथ उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अंतर्गत छोटी विमानन कंपनियों के लिए न्यू इंडिया पहली प्राथमिकता है।

विश्व मे 100 से अधिक विमानन पुनर्बीमा प्रोग्राम मे आपण योगदान देते हुये कंपनी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक पसंदीदा पुनर्बीमाकर्ता बनी हुई है।

❖ मोटर

❖ ऑटो टाई अप

वर्ष 2019-20 मे कंपनी ने नए टाई-अप किए । कंपनी ने भारतीय बाजार मे प्रमुख ब्रांड के मोटर डीलरों के साथ पूरे भारत मे पार्टनरशिप के द्वारा टाई-अप किए।

कम्पनी के टाइअप नेट वर्क में 5000 से भी अधिक डीलर आते है । इसके अतिरिक्त निजी कारों, वाणिज्यिक वाहनों एवं दुपहिया वाहनों के 2800 से अधिक डीलरों (ओइएम टाई अप्स के अलावा) ने अपने ग्राहकों को मोटर बीमा पॉलिसियों की बिक्री के लिए सीधे कम्पनी के कार्यालयों के साथ करार किया है । ऑटो टाई अप ने कंपनी को भारत में अग्रणी मोटर बीमाकर्ता की ब्रांड छबि बनाने का अधिकार दिया है, जो मूल्यवर्धित सेवाएं जैसे बीमा पॉलिसियों व पृष्ठांकन की त्वरित सुपुर्दगी, दावों का निर्बाध निपटान, डीलर पॉइंट्स पर सेवाओं की टैट आधारित डिलीवरी और कैशलेस सुविधा आदि प्रदान कर रही हैं. यह आई टी के हस्तक्षेप के कारण संभव हो पाया है जिसने हमारे पार्टनर डीलरों को इस प्रकार की समस्त गतिविधियों को प्रत्येक डीलर पाइंट पर उपलब्ध पोर्टल पर क्रियान्वित करने के लिए सक्षम बनाया है ।

❖ मोटर स्वयं क्षति (ओडी)

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान ऑटोमोबाईल उद्योग की बिक्री में विभिन्न कारकों के कारण गिरावट आई है जैसे बीएस-VI उत्सर्जन मानदंड जो अप्रैल 2020 से प्रभावी होते है, इलेक्ट्रिक वाहन में परिवर्तन के लिए पुन: स्थापना एवं संवर्धन आदि. ऑटोमोबाईल उद्योग की मंदी का मोटर बीमा व्यवसाय पर सीधा प्रभाव पड़ा है. साथ ही मार्च 2020 से कोविड-19 के कारण हुए लॉक डाउन का भी व्यवसाय और दावा सेवाओं पर प्रभाव पड़ा है. मोटर प्रीमियम का ओद्योगिक विकास केवल 7.3% स्वयं क्षति (ओ.डी.) प्रीमियम 0.2% तथा तृतीय पक्ष (टी.पी.) प्रीमियम विकास 12.01% रहा है.

वर्ष के दौरान नियामक आईआरडीएआई (दुपहिया और निजी कार के लिए स्टैंड एलोन मोटर ओडी पॉलिसी) द्वारा दो नए उत्पाद अनुमोदित किये गए.दूसरे आने वाले वर्ष में भी कम्पनी अपनी उत्पाद श्रृंखला को पुष्ट करने हेतु नए उत्पाद प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में है.

मोटर ओडी श्रेणी में दावा निपटान 93.98% रहा है. कुल 36 दावा हब है.जो आज की तारीख में 948 कार्यरत कार्यालयों में दावों का निपटान कार्य देखते है.कम्पनी को खुदरा ग्राहकों को कैश रहित सेवाएं देने के लिए 1283 से अधिक प्रतिष्ठित मोटर वर्कशाप / गैरेजों के साथ अनुबंध किया हुआ है.

Help Desk Facility: The Company started a hand holding initiative to our customers in the form of Help desks at major hospitals. The facility is managed with the help of lead TPA in the concerned area.

Regular training sessions and workshops are carried out for marketing force, agents and agent managers for product knowledge updation for enabling better service and growth of the Health department.

The last quarter of this fiscal began turbulently with COVID 19 problems which greatly impeded our marketing activities, especially March, which is a crucial one. Thousands of our customers could not remit their renewal premium due to lock down situation. Customer centric measures were undertaken for enabling premium remittance like SMS alert, payment link on mobiles, giving covers retrospectively etc.

❖ MARINE CARGO & HULL

The Company continues to maintain its leadership in the Marine Line of Business with the highest market share in Marine Cargo as well as Marine Hull in the Indian Market. The Company has 35.10% of market share in Marine Hull and 16.40 % in Marine Cargo Insurance. The company achieved a Marine Cargo Domestic premium of ₹ 437 Crores as against ₹ 394 Crores in the previous year. Marine cargo portfolio in FY 2019-20 remains profitable with ICR approximately of 54.50%. As the leader in Marine Hull and Marine Cargo Insurance, the Company is committed to delivering best-in-the-business service to its clients. Initiatives are being undertaken for effective online marine solutions for issuance of Certificates/Policies through Customer/ Intermediary Portals and also for faster claims handling. Effective claims management and risk management along with careful underwriting and vigorous recovery efforts have contributed to sustaining the profitability of these Portfolios.

The Company insures major shipping lines of India, majority of Inland and Coastal vessels, sailing vessels and fishing vessels in the at major ports of India in the oil and energy segment, we have consistently been the market leaders since inception. We are the first insurance company to come up with a Protection and Indemnity cover. While we are still at a preliminary stage in this direction, our efforts shall ensure that India finally has a P&I club.

We are proud to announce that we bagged the prestigious “Samudra Manthan “ Awards for the year 2019.

Not only are we the pre-dominant insurer in India but also are one of the major players in the World Reinsurance Market. As Reinsurers we give support to major upstream energy and Offshore construction projects all over the world - with our specific focus being Middle-east Asia, Central Asia, Asia-pacific and Africa. We continue to show a very healthy and profitable growth even during these hard times.

❖ AVIATION

New India is the preferred insurer for Aircraft Manufacturers, R&D Organizations and various other General Aviation Business.

With the advent of Government sponsored Regional Connectivity scheme, New India has been the fore-runner in the smaller airlines that have taken off under UDAN (Udey Desh ka Aam Naagrik) Scheme.

The Company continues to be a preferred re-insurer in international market extending its support to around 100 Aviation Reinsurance Programme across the Globe.

❖ MOTOR

❖ AUTO TIE-UP

During the FY 2019-20 the company entered into New tie ups. The Company has tie ups with motor dealers across India through partnership with major brands in the Indian market.

The company’s Tie up network covers more than 5000 dealers. Besides more than 2800 dealers (other than OEM Tie ups) of private cars, commercial vehicles and two wheelers have tied up with company offices directly for sale of motor insurance policies to their customers. Auto tie up has empowered the company to create a brand image of leading motor insurer in India who has been delivering value added services like; instant delivery of insurance policies & endorsements, seamless settlement of claim, TAT based delivery of services & cashless facility at dealer points etc.. This has been possible through intervention of IT; enabling our partner dealers to execute all such activities on portals available at each dealer point.

❖ MOTOR OWN DAMAGE (O. D.)

During FY 2019-20, the Automobile Industry sales has declined due to various factors such as the BS VI-Emission norms to become effective from April 2020, the Introduction and promotion for transition to electric vehicle etc. The Slowdown of Automobile industry has, had a direct impact on Motor Insurance Business. Also, the lockdown due to COVID-19 from March 2020 had an impact on business and claims servicing. The Industry growth of Motor Premium has been only 7.3%, with Own Damage (OD) premium growth at 0.2% and Third Party (TP) Premium growth at 12.1%.

During the year two new products were approved by the Regulator – IRDAI (Stand Alone Motor Own Damage Policy for Two-Wheeler and for Private Car). Further, company is in process of filing new products in the coming year too, to augment the product range.

Claim Settlement in Motor Own Damage segment stands at 93.98%. There are 36 claims hubs, which handle the claims of 948 operating offices as on date. Company has tied up with over 1283 reputed motor workshop/garages to provide cashless service to retail customers.

वर्ष 2019-20 के दौरान कम्पनी ने ग्राहकों को सुचारू सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से कुछेक महत्वपूर्ण आई टी समर्थित कार्य प्रारम्भ किये है.कुछ दावा हबों में मोटर ओडी दावा प्रक्रिया का स्वचालन प्रमुख आधार पर प्रारम्भ किया गया है.निजी कारों और दुपहिया वाहनों के नियुक्ति के लिए 50000 रु. तक के दावों के लिए सर्वेक्षकों की स्वत: नियुक्ति का कार्य प्रारम्भ किया गया है.डिजीटल सर्वे रिपोर्ट विकसित की गई है.जिससे दावों का तीव्रता से निपटान संभव होगा.और विश्लेषण में मदद मिलेगी.कम्पनी की कोर प्रणाली को डिजी लॉकर के साथ जोड़ा गया है.जिससे दावों के मामले में वहाँ के दस्तावेजों का सत्यापन तुरंत हो पायेगा. उक्त नए कार्य वर्ष 2020-21 के दौरान आगे के सुधारों/ अतिरिक्त विशेषताओं के साथ समस्त कार्यालयों में क्रियान्वित किया जाना प्रस्तावित है ।

❖ मोटर तृतीय पक्ष दावे एवं मोटर टीपी दावा हब

कम्पनी का ध्यान प्रमुखत: अधिकाधिक तृतीय पक्ष के दावों को समन्वयकारी प्रक्रिया के द्वारा तथा उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय में अपीले दायर करने की आगे की कानूनी कार्रवाई से बचने के द्वारा निपटारा करना है . कम्पनी ने कुल दावों में से 35% दावे लोक अदालत और अन्य समन्वयक प्रणाली के माध्यम से समझोते द्वारा निपटाए है. राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान एर्णाकुलम, बैंगलोर, चेन्नई और हैदराबाद जैसे प्रमुख केन्दों में अधिवक्ताओं के विरोध के बावजूद हम पर्याप्त मात्रा में दावों का निस्तारण कर पाए हैं जोकि किसी भी सामान्य बीमा कम्पनी द्वारा किये गए कार्य में सर्वश्रेष्ठ था ।

बकाया दावों की संख्या 1,51,698 है, जिसमे निस्तारण अनुपात 33 % का है और अब तक का कुल अनुपात 90% का है । वित्तीय वर्ष 2019-20 के अंत तक 5 वर्ष से अधिक की आयु वाले बकाया दावों की संख्या 37,044 पर है । मार्च-20 माह में कोविड-19 के फैलाव के कारण कम्पनी समझोतों और नियमित फैसलों की प्राप्ति के अभाव में पर्याप्त मात्रा में दावों का निपटान नहीं कर पाई ।

अपने सेवा प्रदाताओं के साथ संचार माध्यम को डिजिटाईज करने के उद्देश्य से तथा न्यायालयों के समक्ष मामलों की प्रगति का पता लगाने हेतु निरंतर व त्वरित अनुवर्ती कार्रवाई के प्रयोजन से एडवोकेट पोर्टल, एडवोकेट एप और इन्वेस्टीगेटर पोर्टल पर कार्य प्रारंभ किया गया ।

2 कानूनी हब मुंबई एवं दिल्ली में तथा 48 मोटर टीपी दावा हब कुशलता से दावों का निपटान कर रहे है । दिल्ली का कानूनी हब सर्वोच्च न्यायलय और एनसीडीआरसी मामलों में कम्पनी प्रतिनिधितव करते है ।

❖ विविध और देयता बीमा

उद्योग में हमारी दर्शिता इवेंट इंश्योरंस लेखन, फिल्म निर्माण प्रीमियम में अग्रणी के रूप में जारी है और हम इन उद्योग श्रेणियों को प्रीमियम की दरो में वृद्धि एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार से पुनर्बीमा समर्थन मिलने के कारण बनाये रखने में सक्षम रहे है ।

हमने वर्ष 2019-20 के लिए न्यूक्लियरपूल में नेतृत्व किया है और आने वाले वर्ष में भी इसे जारी रखना प्रस्तावित है ।

यह हमारा प्रयास रहा है कि हम अपने बैंकिंग क्षेत्र का उन्हें सायबर देयता बीमा एवं व्यवसायिक अपराध बीमा प्रदानकर निरंतर समर्थन करें जोकि आजकी डिजिटल दुनिया में जहाँ हम प्रोद्योगिकी पर निर्भर है, सर्वाधिक संकटपूर्ण कवर है ।

बाजार की जरूरतों के अनुसार नये उत्पाद को भारतीय बाजार में लाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से संपर्क करने के प्रयास किए जा रहे है ताकि स्थिर आर्थिक विकास सुनिश्चित किया जा सके ।

❖ ब्रोकर:

वर्ष 2019-20 के दौरान ब्रोकर चैनल के माध्यम से भारत में हमारी कम्पनी के द्वारा प्राप्त प्रीमियम गत वर्षान्त के रु. 5306 करोड़ की तुलना में रु. 6908 करोड़ था । इसके फलस्वरूप भारतीय बाजार में कार्यरत 97% बीमा ब्रोकरों के साथ मिलान कर अर्जित प्रीमियम पर 89.53% के खर्च किये गए दावों के अनुपात के साथ प्रीमियम में 30.21% की अभिवृद्धि हुई है.

कम्पनी ने इंश्योरेंस मार्केटिंग फार्म (आईएमऍफ़) चैनल के माध्यम से गत वर्ष से 5% अधिक वृद्धि के साथ रु. 26.50 करोड़ का प्रीमियम पूरा किया है ।

ऑनलाइन व्यवसाय को गति प्रदान करने के लिए कंपनी मध्यस्थो को ब्रोकर /आई एम ऍफ़ पोर्टल उपलब्ध करवा कर पॉलिसी शीघ्रता से जारी कर रही है. साथ ही कम्पनी ब्रोकर्स को डिजीटल भुगतान प्रणाली का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है. इस वित्तीय वर्ष के दौरान 75 नए ब्रोकर पोर्टल और 14 नए आई एम ऍफ़ पोर्टल उपलब्ध कराए गए है.

❖ बैंकाश्योरंस

बैंक अपने भौगोलिक विस्तार और सभी खंडों के ग्राहकों की पहुंच के संदर्भ में पैठ के साथ बीमा उत्पादों के वितरण के लिए व्यवहार्य स्रोत के रूप में उभरे हैं जो बैंक ग्राहकों को विभिन्न बीमा कर्ताओं के विभिन्न उत्पादों को खरीद की सुलभता, स्पर्धात्मक मूल्य एवं विविध उत्पादों की सुपुर्दगी की पेशकश करते हैं.

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कम्पनी का चयन इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक और आईडीबीआई बैंक द्वारा इनके जनरल इंश्योरेंस बिजनेश पार्टनर के रूप में किया गया है. कम्पनी के बैंकाश्योरंस विभाग ने वर्ष 2019-20 के दौरान 9.60% के वृद्धि दर के साथ रु. 351.71 करोड़ प्रीमियम का योगदान किया है. अपनी पहुँच में वृद्धि करने के उद्देश्य से वर्ष के दौरान कई अभियान चलाए गए. आपने ग्राहकों के लिए सेवाओं की उपलब्धता, दक्षता, गति और सरलता में सुधार लाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग लगातार बढ़ाया जा रहा है. इस लक्ष्य के लिए विभिन्न बैंकों के साथ पोर्टल समन्वय लागू किया गया. बीमा कार्यों से जुड़े बैंक कर्मियों को भी समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है.

आने वाले वर्षों में कंपनी अंतिम छोर के ग्राहकों को अपनी पसंद का बीमा लाभ उठाने के लिए उन्हें बीमा उत्पादों के समूह की पेशकश करने के द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रस्तावित विलय के बाद उनमे कंपनी की उपस्थिति दर्ज करने और अन्य बड़े और छोटे बैंक के साथ टाई अप करने के प्रति आशान्वित है.

❖ एजेंसी

एजेंसी चैनल कंपनी के लिए व्यवसाय का प्रमुख चैनल है जिसने लगातार अनुकूल खर्च किए दावा अनुपात के साथ प्रीमियम आय के सबसे बड़े अंश का योगदान दिया है. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान व्यक्तिक अभिकर्ताओं द्वारा प्राप्त किया गया प्रीमियम 10123 करोड़ रुपए तथा कारपोरेट अभिकर्ताओं (बैंको के अलावा) द्वारा 114.41 करोड़ रुपए था. वर्ष के दौरान 8866 नए अभिकर्ताओं की भर्ती से एजेंसी की ताकत में वृद्धि हुई. अभिकर्ताओं को प्रोत्साहित करने और पहचान के लिए लागू विभिन्न पहचान और पुरस्कार योजनाओं का पुनरीक्षण व संशोधन किया गया, जिससे उन्हें प्रोत्साहित व पुरस्कृत तथा बाजार की चुनौतियों का मुकाबला करने हेतु प्रेरित किया जा सके.

During the financial year 2019-20, the company has rolled out a few significant IT enabled initiatives with an objective of providing effortless service to customers. Automation of Motor OD claim process has been introduced on pilot basis in few Claim Hubs, auto appointment of surveyors for Private Cars and Two-wheelers has been initiated for Estimate upto ₹ 50,000/-, development of digital Survey Reports which enables faster settlement of claims and helps in analysis. The Company's Core System has been integrated to Digi Locker for enabling verification of vehicle documents instantly in case of claims. These new initiatives are proposed to be implemented in all offices during the year 2020-21 with further improvements/ additional features.

❖ MOTOR TP CLAIMS AND MOTOR TP CLAIMS HUB

The focus of the company is to settle maximum number of TP claims through conciliatory process and avoiding further litigation by filing appeals in high courts and Supreme Court. Company has settled about 35% of Total claims settled by way of compromise through Lok Adalat and other Conciliatory Mechanisms. Despite protest of Advocates in major centres viz. Ernakulam, Bangalore, Chennai and Hyderabad during National Lok Adalat, we could compromise sizeable number of claims, best by any General Insurance Company.

The number of claims outstanding is 151698; with the Settlement Ratio of 33% and Throughput Ratio of 90%. Due to spread of Covid-19 in the month of March, 2020, Company could not settle significant number of claims for want of receiving compromise and regular awards.

With the aim of digitizing the medium of communication with our service providers and to get constant and instant follow-ups to track the case movement before the Court of Law, initiated work on Advocate Portal, Advocate App and Investigator Portal.

2 Legal Hubs at Mumbai and Delhi and 48 Motor TP Claims Hubs are efficiently handling claims. Delhi Legal Hub works as the face of the company in Supreme Court and NCDRC Matters.

❖ MISCELLANEOUS AND LIABILITY INSURANCE

The Company's visibility in the Industry as pioneers in writing Event Insurance, Film Production Insurance continues and we are able to sustain these lines of business due to increase in premium rates and reinsurance support from international market.

We have had leadership in the Nuclear Pool for the year 2019-2020 and propose to continue the same in the coming years.

It has been our endeavour to continuously support our banking sector by providing them with Cyber Liability Insurance and Commercial Crime insurance which are the most critical cover in today's digital world where we are dependent on technology.

Efforts are being made to approach International Markets to bring newer products to Indian Market as per market needs so as to ensure stable economical growth.

❖ BROKER

The Company's Premium procured through Brokers' Channel during FY 2019-20 was ₹ 6908 Crores against the Previous Year completion of ₹ 5306 Crores in India. This has resulted in accretion of Premium by 30.21%.

Premium of ₹ 26.50 Crores through Insurance Marketing Firm (IMF) channel with a growth of 5% over previous year has been achieved by the Company.

In order to give stimulus to the online business, your Company has been providing Broker/IMF Portals to the Intermediaries to facilitate quick issuance of policy and also to encourage the Intermediaries to use Digital Payment methods. During this fiscal year,75 new Broker Portals and 14 new IMF Portals have been provided.

❖ BANCASSURANCE

Banks, with their geographical spread and penetration in terms of customer reach of all segments, have emerged as viable sources for the distribution of insurance products offering bank customers ease of purchase, competitive price, diverse products from different insurers and doorstep delivery.

In the financial year 2019-20, Company has been selected by India Post Payment Bank and IDBI Bank as it's General Insurance business partners. Bancassurance department of the company contributed ₹ 352 Crs of premium during FY 2019-20, with a growth rate of 9.60%. Various campaigns were launched during the course of the year, to increase the reach. Technology intervention is constantly being increased to improve availability, efficiency, speed and ease of service to mutual customers. Portal integration with various Banks was implemented towards this end. Training of bank's personnel engaged with insurance operations is also offered periodically.

Department is looking forward to mark company's presence in PSU Banks post-merger and tie-up with other Public sector Banks as also other large and small banks, in coming year, by offering a bouquet of Insurance Products to enable the last mile customers to avail Insurance of their choice.

❖ AGENCY

The Agency channel has been a major channel of business for the Company contributing the largest share of Premium income with consistently favorable incurred claims ratio.The Premium procured by Individual agents during the FY 2019-20 was ₹ 10,124 crores & by Corporate Agents (other than Banks) ₹ 114 Crores. Recruitment of 8866 new agents during the year enhanced the strength of Agency. Various recognition and reward schemes implemented for motivating & recognizing agents, were reviewed and revised to encourage and reward agents and to motivate them to face market challenges.

एक नई शुरुआत प्रगति नाम से त्रैमासिक अभिकर्ता पत्रिका प्रकाशित करने के साथ की गई जो अभिकर्ताओं द्वारा रचित लेखो, कविताओं और उनकी उपलब्धियों पर आधारित है. अन्य उपाय जैसे विभिन्न अवसरों, जन्मदिवस, त्यौहारों आदि पर अभिकर्ताओं को सन्देश भेजना, प्रत्येक माह के पहले सोमवार को अभिकर्ता दिवस के रूप में मनाना, प्रत्येक कार्यालय में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले अभिकर्ता को सम्मानित करना आदि लागू किये गए.

अभिकर्ताओं की भर्ती और प्रशिक्षण के लिए कम्पनी के प्रत्येक कार्यरत कार्यालय में एजेंट प्रबन्धक की भूमिका में एक नामित अधिकारी होता है जो उन्हें निरंतर बिक्री व सेवा सहायता प्रदान करता है. वर्ष के दौरान 191 नए एजेंट प्रबंधकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया. ताकि वे अभिकर्ताओं को पोषित व सहायता प्रदान करने में अपनी भूमिका को बेहतर बनाने के लिए स्वयं के ज्ञान व कौशल में अभिवृद्धि कर सकें.

इस वर्ष एक रिकार्ड 8911 पात्र एजेंटों को उनके 2018-19 के कार्य प्रदर्शन के आधार पर एजंट क्लब सदस्यता योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय एवं मुख्य कार्यालय स्तर पर आयोजित सम्मेलनों में सम्मानित किया गया.

एजेंट पोर्टल एवं एप पॉलिसियों को 24×7 आधार पर शीघ्रता से जारी करने की सुविधा प्रदान करते हैं. खुदरा व्यवसाय में पैठ और जोर बढ़ाने के लिए एजेंट पोर्टल एवं एप का उन्हें और अधिक प्रयोक्ता – अनुकूल बनाने के लिए सुधार किया गया. स्मार्ट फोन में उपलब्ध नई विशेषताओ के साथ एजेंट एप अभिकर्ताओं को पॉलिसियों को तेजी से नवीनीकरण करने तथा अपने नवीनीकरण और दावों को बेहतर प्रबंध करने में सक्षम बनाता है. कम्पनी ने एजेंट पोर्टल एवं एप के उपयोग के लिए एजेंटो को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने के लिए प्रशिक्षण समर्थित निरंतर प्रयास किये है. वर्ष के दौरान पोर्टल एक्सेस को 38597 से अधिक एजेंटो तक बढ़ाया गया और उन्होंने रु. 3517 करोड़ का प्रीमियम सृजित करते हुए 67 लाख पोलिसिया जारी की.एजेंट पोर्टल के माध्यम से प्रीमियम कुल एजेंसी व्यवसाय का 35% था जबकि पिछले वर्ष यह मात्र 27% था ।

❖ ग्रामीण व सामाजिक क्षेत्र तथा माइक्रो बीमा

प्रमुख गैर जीवन बीमा कंपनी के रूप में न्यू इंडिया एश्योरन्स अपनी समृद्ध परंपराओं और ग्रामीण जनता की सेवा करने की मजबूत सामाजिक प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए, अनेक ग्रामीण बीमा उत्पादों को तैयार करने में सदैव आगे रहा है। कम्पनी हमेशा से ग्रामीण जनसंख्या की जरूरतों और आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित श्रेष्ठतम संभव उत्पाद प्रस्तुत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रही है ।

कंपनी ग्रामीण समुदाय की विभिन्न परिसंपत्तियों के लिए सुरक्षा प्रदान करती है । ग्रामीण जनता की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने के लिए अब ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कई प्रकार के आवरण उपलब्ध है यथा पशुधन बीमा, कृषि पंप सेट, मुर्गी पालन बीमा, खारा पानी झींगा मछली पालन बीमा, जनता व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, वृक्षारोपण बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड धारकों (केसीसी) के लिए व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा आवरण आदि कुछेक उत्पाद है जिन्होंने ग्रामीण जनता को सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान किया है. कंपनी मंदिर के हाथियों को आवरित करने में अग्रणी है जो मंदिर प्राधिकरण की सबसे अधिक मूल्यवान संपत्तियों में से एक है। बीमित पशुओं के इलाज के खर्च के लिए बाजार आवश्यकताओं के आधार पर ऐड ऑन आवरण की योजना पाइप लाइन में है. कंपनी ने हमेशा विभिन्न सरकार प्रायोजित योजनाओं में रुचि दिखाई है और उक्त योजनाओं में सक्रियता से भाग ले रही है, जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाय), पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस), विभिन्न राज्यों में लागू राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत मवेशी / पशुधन बीमा योजना, राजराजेश्वरी महिला कल्याण योजना इत्यादि, जोकि ग्रामीण जनसंख्या के लाभार्थ है।

कंपनी ने केवल ग्रामीण केंद्रित उत्पादों का सुचारु वितरण सुनिश्चित करने के लिए देश के दूरस्थ व आंतरिक इलाकों में माइक्रो कार्यालय खोले हैं। देश के दूरदराज कोने तक भी पॉलिसी तुरंत जारी करने के लिए ग्रामीण एजेंसी बल का हमारा व्यापक नेटवर्क पोर्टल से सज्जित है। ग्रामीण और हाशिये की जनसंख्या के लिए माइक्रो बीमा उत्पादों का विकास और संवर्धन करना हमेशा से कंपनी का उद्देश्य रहा है. कंपनी ने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए किफायती मूल्य पर जन सुरक्षा लघु बीमा – आकर्षक स्वास्थ्य बीमा आवरण के साथ एक पैकेज पॉलिसी शुरू की है. कंपनी ने माइक्रो उत्पादों को लोकप्रिय बनाने के लिए दावा निपटान प्रक्रिया को सरल और आसान बना दिया है ।

कंपनी का इस सिद्धांत में विश्वास है कि ग्रामीण बीमा उत्पादों को ग्रामीण समुदाय के लिए अधिक आकर्षक और सार्थक बनाने के लिए सही उत्पाद तैयार किए हैं और सही मूल्य निर्धारण आवश्यक है 50 से भी अधिक ग्रामीण बीमा उत्पादों के साथ कंपनी निरंतर ग्रामीण विकास के लिए अपना योगदान कर रही है,जोकि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है ।

❖ सरकारी व्यवसाय

कंपनी ने पूर्व में विभिन्न राज्यों में आरएसबीवाई योजना सफलतापूर्वक लागू की है. उक्त योजना का स्थान आयुष्मान भारत ने ले लिया. जिसे हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने सितंबर 2018 में प्रारंभ किया था। ऐसे राज्य है जिन्होंने अभी भी स्वयं की प्रायोजित योजना को जारी रखा है जैसे राजस्थान की 'भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना' और हमने अपनी सेवा इन राज्यों में भी फैलाई है. भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत कंपनी ने एक करोड़ से भी अधिक परिवारों को कवर किया है । हम पंजाब राज्य में भाई 'घण्या सेहत सेवा योजना' एक नई योजना लागू कर रहे है।

वित्तीय वर्ष 2015-16 से हम एनपीसीआई के साथ मिलकर प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत प्रतिष्ठित रूपे (Rupay) बीमा कार्यक्रम चला रहे हैं. हमने 52.8 करोड़ रूपे (Rupay) कार्ड धारकों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा आवरण प्रदान किया है।

❖ प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) 2015 में प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत शुरू की गई प्रमुख योजना है। भारत सरकार के वित्तीय समावेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कंपनी ने पीएमएसबीवाई के लिए विभिन्न नामांकन और जागरूकता अभियान आयोजित किए हैं और 2.70 करोड़ सबस्क्राइबरों को आवरण प्रदान किया है । कंपनी ने 283 बैंकों से भी अधिक और कोओप्रेटिव सोसाइटियों के साथ टाईअप किया है।

❖ वैकल्पिक बिजनेस चैनल विभाग

वैकल्पिक व्यापार चैनल विकास विभाग व्यवसाय के विपणन के लिए वैकल्पिक चैनलों को रणनीतिक और वैकल्पिक बिजनेस चैनल विकसित करने और डिजिटल संचालन को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए नोडल कार्यालयों का समर्थन करने के लिए एक समर्पित विभाग है। इस वित्तीय वर्ष

A new initiative was launched to publish a quarterly Agents Magazine, named "PRAGATI" based on the articles, Poems and achievements by agents. Various other measures like sending text messages to agents on various occasions, Birthday, festivals etc, Celebrating "First Monday of every Month" as "Agents Day" honoring the top performer agent in every office etc are implemented.

The Company has one designated Officer in every operating office in the role of Agent manager for recruiting & training agents and providing them constant sales and service support.Training was imparted during the year, to 191 new Agent Managers in order to enhance their knowledge and skills for performing their role better in nurturing and supporting agents. Programs were alsoorganized for CMD club agents for enhancing their skills.

This year a record 8911 eligible agents were facilitated in Conventions held at RO & HO level under Agent Club Membership scheme based on 2018-19 performance.

Agent portal & App facilitates quick issuance of policies on 24x7 basis.Agent portal & App were improved further to make them more user friendly for enhancing penetration and thrust in retail business. The Agent App with new features available in smart phone enables agents to quickly renew policies and better manage their renewals and claims. The Company made constant efforts supported by training for encouraging and motivating agents for usage of agent portal and App. During the year, Portal access was enhanced to over 38597 agents and they issued 67 Lac policies generating Premium of ₹ 3517 Crores. The Premium through agent portal was 35% of total agency business as against 27% in previous year.

❖ RURAL AND SOCIAL SECTOR AND MICRO INSURANCE

The Company as the premier Non-Life Insurance Company, in keeping with its rich traditions & strong social commitment of serving the rural mass has always been in the forefront of devising host of Rural Insurance Products. The Company has always been continuously striving to offer best possible products customized according to the needs & and requirements of Rural population. The company provides protection for various assets of rural community.

A wide variety of covers are now available for the rural areas to meet the specific needs of the Rural mass. To name a few – Cattle Insurance, Agriculture pump set, Poultry Insurance, Brackish water prawn insurance, Janata Personal Accident, Plantation Insurance, Personal Accident Insurance cover to Kisan Credit Card Holders (KCC), are some of the products which have provided safety & security to rural populations. The Company is the pioneer in covering temple elephants which is one of the most valued possessions of the Temple Authority. Basing on the market requirements add on cover for treatment expenses of insured animals is in the pipeline.

The Company has always shown keen interest in various Government sponsored Schemes and is actively participating in such schemes like Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY), Restructured Weather Based Crop Insurance Scheme (RWBCIS), Cattle/ Livestock Insurance schemes under National Livestock Mission in various States, Rajrajeshwari Mahila Kalyan Yojana etc. for benefit of the rural population.

The Company has opened up Micro Offices at remote & interior parts of the country to ensure smooth distribution of exclusive rural centric products. Our extensive network of rural Agency force has been provided with Portal for immediate issuance of policy even in remote corner of the country.

It has always been the objective of the Company for growth & promotion of micro insurance products for the Rural & marginalized population. The company has made the claim processing procedure simple & easy to popularize the micro products.

The company has believed in the philosophy that right product design and right pricing are essential to make the rural insurance products more attractive and meaningful to rural community. With more than 50 Rural Insurance Products the Company has been doing its bit for sustained Rural development which is backbone of Indian Economy.

❖ GOVERNMENT BUSINESS

The Company has successfully implemented the Ayushman Bharat scheme launched by the Government in September, 2018 in place of earlier RSBY scheme. There are States which are still continuing their own sponsored scheme like Bhamashah Swasthya Bima Yojana of Rajasthan and we extended our Services in these State as well. Under 'Bhamashah Swasthya Bima Yojana' the company has covered more than one Crore families. We are implementing a new Scheme in the State of Punjab for 'Bhai Ghanhya Sehat Sewa Scheme'.

We are the insurers providing the prestigious RuPay Insurance program under the umbrella Scheme of Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY) from the FY 2015-16 in association with NPCI. We have provided Personal Accident Cover to 52.8 Crore RuPay Card Holders.

❖ PRADHAN MANTRI SURAKSHA BIMA YOJNA

Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana is one of the flagship schemes under the umbrella of Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY) launched in 2015. To achieve the motto of Financial Inclusion of Government of India, Our Company has conducted various enrollment and awareness Campaigns for PMSBY and has provided Coverage to 2.07 Crore Subscribers. The Company has tied up with more than 283 banks and Cooperative societies.

❖ ALTERNATE BUSINESS CHANNEL

Alternative Business Channel is a dedicated department to strategize and develop alternate channels for business procurement, and to support the Nodal Offices for

के लिए इसने 4,917 करोड़ रुपये का योगदान दिया है जो कुल व्यवसाय का 19.44% है। यह ग्राहक पोर्टल्स और टाई अप्स के माध्यम से प्राप्त किया गया है, यथा विभिन्न एजेंसियों जैसे एजेंसी, ब्रोकर्स, वेब एग्रीगेटर्स, कॉर्पोरेट एजेंसियां, आईएमएफ, पीओएस, सीपीएससी आदि। नई आधुनिक तकनीकों के आने से इसका दायरा और उपस्थिति कई गुना बढ़ने वाली है। नए युग के ग्राहकों के लिए जागरूकता और स्वीकार्यता कारक भी हमारे खुदरा ग्राहकों के विकास के लिए एक प्रेरणा शक्ति है।

❖ कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की पहल

सितंबर, 2014 में बोर्ड द्वारा सीएसआर समिति का गठन किया गया था जिसका लक्ष्य भारत को 'जोखिम प्रतिकूल' से 'जोखिम जागरूक' समाज बनाने की दृष्टि को बदलने का प्रयास करना है। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमारा उद्देश्य सामाजिक, पर्यावरण और स्वास्थ्य से संबन्धित भारतीय समाज को सीएसआर पॉलिसी और कार्यक्रमों के माध्यमों से जोड़ना है । सामाजिक रूप से एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में कंपनी की सीएसआर पॉलिसी अंशधारक की अपेक्षाओं और इसके सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच संतुलन बनाए रखने की है ।

हमारी सीएसआर गतिविधियों का लक्ष्य क्षमता विकास, समुदायों का सशक्तिकरण, सामाजिक आर्थिक विकास, पर्यावरण संरक्षण, हरित एवं सक्षम ऊर्जा तकनीक का विकास, पिछड़े क्षेत्रों का विकास और समाज के मूलभूत सुविधाओं से वंचित हाशिये के लोगों का उत्थान करना है । कॉर्पो रेट सामाजिक दायित्व हेतु प्रक्रिया तैयार है तथा दिशा-निर्देश जारी कर दिये गए हैं ।

इस वर्ष में, कंपनी ने अपने सीएसआर उद्देश्य के अनुक्रम में लक्षित लाभार्थियों के लिए कार्यरत सरकारी तथा अन्य सामाजिक क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुये अपना सम्पूर्ण सीएसआर बजट का पूरी तरह से उपयोग किया है।

जहां तक सरकारी क्षेत्र का सवाल है तो सीएसआर निवेश में, हमारे सशस्त्र बलों के बहादुर दिग्गजों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों के लाभ के लिए सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष जैसी केंद्र सरकार समर्थित पहल और पीएम सिटीजंस असिस्टेंस एंड रिलीफ फंड (पीएम केयर फंड) की फंडिंग शामिल थी ।

सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी अन्य सीएसआर गतिविधियों में भारत के विभिन्न राज्यों में फैले क्षेत्रों में स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा व भूख से मुक्ति तथा महिला सशक्तिकरण से लेकर पर्यावरण संरक्षण तथा दिव्यांगजनों को सहयोग प्रदान करने संबंधी कार्य आदि शामिल हैं। इनमे से कुछ के विवरण निम्नवत हैं । कंपनी ने -

ए) सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए रामकृष्ण मिशन आलो (एलांग) को वित्तीय सहायता प्रदान करना।

बी) वंचित सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए अक्षय पात्र मिड-डे कार्यक्रम को सीएसआर गतिविधि के रूप में प्रायोजित किया गया ।

सी) अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा सह-प्रायोजित पुडुचेरी रसोई जो विश्व के सबसे बड़े गैर-सरकारी संगठन के नेतृत्व वाले मध्याह्न भोजन कार्यक्रम को चलाती है, जो सरकारी स्कूल के बच्चों को 16,00,000 गर्म लंच प्रदान करती है ।

डी) रायपुर के वानप्रस्थ आश्रम को वृद्धाश्रम हेतु 10 कमरों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता।

ई) छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में प्रारंभिक शिक्षा सुधार कार्यक्रम के लिए भाषा एवं अधिगम फाउंडेशन (एलएलएफ) को वित्तीय सहायता।

❖ ग्राहक सेवा

समर्पित ग्राहक सेवा नोडल अधिकारी पूरे देश के सभी परिचालन कार्यालयों में पॉलिसी धारकों एवं इसके संभाव्य ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा को बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं । जनहित में कंपनी के उत्पादों की ऑनलाइन जानकारी के लिए वेब साइट http://newindia.co.in में प्रदान किया जाता है ।

कंपनी का कॉल सेंटर ग्राहक संबंधी प्रबंधन गतिविधियों का एक अभिन्न अंग है। कंपनी का टोल फ्री नंबर 1800-209-1415 विभिन्न उत्पादों, दावे तथा शिकायतों के बारे में पूछताछ हेतु हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में सप्ताह के सातों दिन चौबीसो घंटे उपलब्ध रहता है । अग्रिम फालो-अप कंपनी के परिचालन कार्यालयों द्वारा सेवा अनुरोधों का जवाब / समाधान किया जाता है। ग्राहक सेवा का यह कदम और प्रयास ग्राहकों की आवश्यकता एवं जरूरतों के अनुरूप मूल्य संवर्धित उत्पादों के साथ साधारण बीमा उद्योग में अनवरत विकास के लिए हमारे व्यापारिक रणनीति का प्रमुख एवं महत्वपूर्ण तत्व है। कंपनी के पास अपने निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित एक शिकायत निवारण नीति है जो उच्च स्तर की गुणवत्ता के साथ ग्राहक की शिकायतों के समय पर निपटारे के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करती है। कंपनी के पास निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित पॉलिसीधारकों के हितों की सुरक्षा के लिए एक नीति भी है जो कंपनी अपने पॉलिसीधारकों और संभाव्यों तक उच्च स्तरीय सेवा को विस्तारित की करने की आकांक्षा रखती है।

मौखिक, टेलीफोन पर या लिखित रूप से प्राप्त शिकायतें सीआरएम मॉड्यूल में पंजीकृत होती हैं। ग्राहक हमारी वेबसाइट के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं । https://www.newindia.co.in/portal//home । कंपनी के पास ग्राहकों की शिकायतों और सेवा संबंधी मुद्दों को प्राप्त करने के लिए एक समर्पित ई-मेल आईडी customercare.ho@newindia.co.in है और इसकी निगरानी प्रधान कार्यालय द्वारा की जाती है। वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों और सेवा संबंधी मुद्दों पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से, कंपनी के पास एक समर्पित ई-मेल पता है seniorcitizencare.ho@newindia.co.in जिसकी निगरानी भी प्रधान कार्यालय द्वारा की जाती है। ग्राहकों द्वारा इरडा को प्राप्त शिकायतें आईजीएमएस में पंजीकृत होती हैं। हमारा सीआरएम मॉड्यूल वास्तविक समय के आधार पर आईजीएमएस के साथ एकीकृत है। हमें केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) पोर्टल और राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पोर्टल में पंजीकृत ग्राहक-शिकायतें भी प्राप्त होती हैं। हम शिकायतों का निवारण करते हैं, ग्राहकों को सूचित करते हैं और पोर्टल के माध्यम से समाधान पोस्ट करते हैं।

effectively handling the Digital Operations. For this Financial Year it has contributed ₹ 4,917 Crs Premium which is 19.44% of the total. This has been achieved through the customer portals and tie ups with different partners e.g. Agency, Brokers, Web Aggregators, Corporate Agencies, IMF, POS, CPSC etc. With the arrival of new innovative technologies its scope and presence are going to grow manifolds. The awareness and acceptability factor for the New Age customers are also a driving force for the growth of our retail customers.

❖ CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY INITIATIVES

CSR Committee of the board was constituted in September 2014 with a mission to achieve our vision to strive to transform India into a "Risk Aware" society from being a "Risk-Averse" society and with a mission to "achieve our vision by integrating social, environmental and health concerns of the Indian society into Company's overall CSR Policy and programmes". The Company's CSR Policy strives to achieve a balance between the expectations of the stakeholder and its social obligation as a socially responsible corporate.

